महत्वपूर्ण एवं खास

12 बोर्ड की परीक्षा 1 अप्रैल से व दसवीं की 4 अप्रैल से शुरु

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की ओर से सत्र 2021- 22 के लिए वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा 1 अप्रैल से शुरु होकर 2 मई तक चलेगी। वहीं दसवीं बोर्ड की परीक्षा 4 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगी। राज्य ओपन स्कूल की ओर से इस बार दसवीं और बारहवीं दोनों ही बोर्ड परीक्षा के लिए पिछले साल की तरह असाइनमेंट जारी किए गए थे, जिन्हें परीक्षा अध्ययन केंद्रों में जमा करना अनिवार्य है। टाइम टेबल से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन केंद्रों की सूची ओपन स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट पर ही परीक्षा के लिए टाइम टेबल भी अपलोड कर दिया गया है। ओपन स्कूल में 10वीं-12वीं में इस बार एक लाख चार हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। पिछले साल इनकी संख्या एक लाख 32 हजार थी। इस बार 28 हजार परीक्षार्थी घट गए हैं।

हवा की दिशा आज से दक्षिण पूर्व होने की संभावना

0-गर्म हवा आने से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में होगी वृद्धि

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आज मौसम शुष्क रहा, वहीं मंगलवार को भी शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि हवा की दिशा कल से संभवत: दक्षिण पूर्व होने की संभावना है जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि हवा का दिशा सोमवार को पूर्वी हो चुकी है, वहीं कल से दिशा दक्षिण पूर्व होने की सम्भावना है। इसके कारण प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से गरम हवा आने की संभावना है। गर्म हवा आने से प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि 15 फरवरी को भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा है तथा कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये रह सकते है।

बड़ी मात्रा में पैंगोलिन स्केल जप्त : आरोपियों के खिलाफ वन अपराध के प्रकरण दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार राज्य में विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में जगदलपुर वन वृत्त के बस्तर वनमंडल अंतर्गत वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, वन विभाग, कंजरवेशन कोर सोसायटी तथा पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा विगत दिवस आवश्यक कार्रवाई करते हुए लगभग 18.900 किलोग्राम पैंगोलिन स्केल की जब्ती की गई है। साथ ही 6 नग तेंदुआ नाखून तथा 1 नग मोटर सायकल और 1 नग बोलेरो वाहन की जब्ती सहित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत वन अपराध के प्रकरण दर्ज कर विभाग द्वारा जांच की कार्रवाई जारी है। टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान विगत दिवस 11 फरवरी को मुखबीर की सूचना के आधार पर हाता ग्राऊण्ड जगदलपुर के समीप एक मोटर सायकिल सवारों से 17 किलोग्राम पैंगोलिन स्केल जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर 12 फरवरी को पुन: 1,900 किलोग्राम पैंगोलिन स्केल, 6 नग तेंदुआ नाखून, 1 नग मोटर सायकल तथा 1 नग बोलेरो वाहन की जब्ती की कार्रवाई की गई। जांच पड़ताल के दौरान अपराधियों द्वारा बताये अनुसार दंतेवाड़ा के ग्राम कारली में 4 स्टार कढ़ुआ दंतेवाड़ा के वन विभाग टीम द्वारा अपराधी सहित पकड़े गए।

गोबर से विद्युत उत्पादन के लिए गौठानों में संयंत्र लगाने 5 उद्यमियों ने किया एमओयू

- गौठानों के उत्पादों के मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्था करें: मंत्री रविन्द्र चौबे
- गोधन न्याय मिशन की बैठक में आयमूलक गतिविधियों की विस्तार को लेकर हुई गहन चर्चा

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के गौठानों में गोबर से विद्युत उत्पादन प्रोजेक्ट लगाने के लिए अब तक 5 युवा उद्यमियों ने एमओयू किया है। उद्यमियों द्वारा गौठानों में इसके लिए 10-10 करोड़ रूपए का निवेश प्रस्तावित है। विद्युत उत्पादन के लिए गौठानों में क्रय किए जाने वाले गोबर का उपयोग उद्यमियों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके बाद निजी क्षेत्र की डेयरी फार्म के गोबर एवं शहर में एकत्र होने वाले वेस्टेज का भी उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकेगा।

कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित गोधन न्याय मिशन की प्रथम बैठक में दी गई। मंत्री रविन्द्र चौबे ने बैठक में गोधन न्याय मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के साथ-साथ गौठानों में आयमूलक गतिविधियों को तेजी से विस्तार देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी माथेश्वरी व्ही. सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में आयमूलक गतिविधियों के विस्तार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है। उन्होंने कहा कि गौठानों को ग्रामोणों के आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट सहित अन्य उत्पादों के मार्केटिंग एवं विक्रय की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसान गौठानों से सीधे वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट खाद का उठाव कर सके, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक नियम निर्देश तैयार करने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से इच्छुक युवा उद्यमियों को जोड़ा जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण उद्योग को बढ़ावा मिले और युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने उपयुक्त गौठानों का चयन कर वहां युवा उद्यमियों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने की बात कही।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने गोधन न्याय मिशन के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव, लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक को सदस्य के रूप में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय मिशन के तहत राज्य स्तर पर यह स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए कि किस सामग्री का कितना प्रोडक्शन गौठानों के माध्यम से किया जाना है, ताकि मार्केटिंग एवं विक्रय का प्रबंध किया जा सके।

बैठक के प्रारंभ में गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन ने गोधन न्याय मिशन के उद्देश्य और प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मिशन के काम को गति देने के लिए 11.56 करोड़ रूपए का वार्षिक बजट प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिशन के काम-काज की मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, ग्रामोद्योग सहित अन्य विभागों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाएगी। मार्केटिंग, डाटा मैनजमेंट सहित अन्य कार्यों के लिए नियमानुसार अधिकारियों-कर्मचारियों पूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 10,591 गौठान से स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 8,048 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। गौठानों में गोबर विक्रय हेतु 2.87 लाख ग्रामीण पशुपालक पंजीकृत हैं, जिसमें से 2.04 लाख गोबर विक्रय कर लाभान्वित हो रहे हैं। गौठानों में 62.60 लाख क्विंटल गोबर क्रय के एवज में 125.22 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। 2549 गौठान स्वावलंबी हो गये हैं। गौठानों से 11,477 महिला समूह जुड़े हैं। महिला समूहों को अब तक 51.53 लाख रूपए की आय विविध गतिविधियों से हुई है। गौठान समितियों को 46.44 करोड़ रूपए का भुगतान तथा स्व-सहायता समूहों को 30.34 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान किया गया है। गौठानों में 868 प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा चुकी है। गौठानों में 15.30 लाख क्विंटल कम्पोस्ट का उत्पादन तथा 9.41 लाख क्विंटल का विक्रय किया गया है।

बैठक में जानकारी दी गई कि गौठानों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए जी-मैप-एप्प तैयार किया गया है। 4043 गौठानों मल्टीएक्टिविटी संचालित है, जिसके अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र सहित प्रसंस्कृत उत्पाद, यूटीलिटी प्रोडक्ट्स, हस्तशिल्प, विशिष्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। बैठक में कार्बन क्रेडिट परियोजना, पैरादान एवं चारा उत्पादन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना के निर्देश सभी जिलों को दिए गए हैं। गौठानों में 152 तेल मिल, 173 दाल मिल, 105 ऑटा मिल, 973 मिनी राइस मिल तथा 144 अन्य मिलों सहित कुल 1547 इकाईयों की स्थापना की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया गया है। अब तक 868 प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं।

तहसील कार्यालय में मारपीट मामले फरार आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश जारी

- दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर, अब तक 3 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

रायगढ़। दिनांक 14.02.2022 को तहसील कार्यालय रायगढ़ में मारपीट मामले में फरार दो आरोपी जितेन्द्र लाल शर्मा एवं कोमल साहू को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये चक्रधरनगर पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों के मिलने के स्थान पर दबिश दिया जा रहा है। कल दिनांक 13.02.2022 को पीड़ित एवं गवाह अपने कथन पर प्रकरण के नामजद आरोपियों के अलावा घटना में भुवन लाल साव, कोमल साहू को भी शामिल होना बताये थे। जिस पर मामले में पांच से अधिक आरोपियान होने से प्रकरण में धारा 34 भादवि हटाकर, धारा 147 भादवि विस्तारित किया गया। फरार आरोपियों की पतासाजी दौरान आरोपी भुवन लाल साव को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आज दिनांक 14.02.2022 के आरोपी (1) जितेंद्र लाल शर्मा पिता मेवालाल शर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी दरोगापारा गुजराती गली थाना कोतवाली (2) कोमल प्रसाद साहू पिता भूपदेव प्रसाद साहू उम्र 45 वर्ष निवासी LIG 22 चिरंजीवी दास नगर थाना चक्रधर नगर को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है। शेष फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की न्यायिक रिमांड 28 फरवरी तक बढ़ी

रायपुर (आरएनएस)। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में फंसे निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की न्यायिक रिमांड 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। अब उन्हें 28 फरवरी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश लीना अग्रवाल के न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने आज सुनवाई के बाद जीपी सिंह की न्यायिक रिमांड 14 दिनों के लिए पुन: बढ़ा दी है। जीपी सिंह को अब 28 फरवरी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। विदित हो कि ईओडब्ल्यू ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में जीपी सिंह को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू ने जीपी सिंह के लगभग 15 ठिकानों पर छापा मारकर करोड़ों की चल-अचल संपत्ति का पता लगाया था।

पिता के हत्या के आरोप में कलयुगी पुत्र को कापू पुलिस ने भेजा जेल

रायगढ़। थाना कापू अन्तर्गत ग्राम पखनाकोट गंजहापारा में रहने वाले मुना किस्पोट्टा (उम्र 41 वर्ष) द्वारा दिनांक 12.02.2022 की रात शराब के कारण उपजे विवाद में अपने पिता शनिराम किस्पोट्टा (उम्र 65 वर्ष) को खाट-पाटी के लकड़ी से सिर में मारकर हत्या कर दिया। घटना की सूचना कल दिनांक 13.02.2022 के दोपहर थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक ए.के. बेक को सूचना मिलने पर तत्काल स्टाफ के साथ ग्राम पखनाकोट पहुंचकर कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भेजकर आरोपी पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज दिनांक 14.02.2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गय है।

घटना के संबंध में मृतक की बेटी जयमनी किस्पोट्टा पिता स्व. शनिराम किस्पोट्टा उम्र 33 वर्ष निवासी पखनाकोट गंजहापारा द्वारा थाना कापू में रिपोर्ट दर्त कराया गया कि दिनांक 12.02.2022 की रात करीबन 07/30 बजे भाई मुन्ना किस्पोट्टा घर आया और घर में शराब पी रहा था। उसी समय पिताजी शनिराम किस्पोट्टा भी शराब पीने के लिए मांगे तो भाई मुन्ना किस्पोट्टा शराब पीने के लिए नहीं दिया, तो इस बात से नाराज होकर पिताजी भाई मुन्ना किस्पोट्टा को खाट -पाटी के लकड़ी से सिर में मारे। तब भाई मुन्ना किस्पोट्टा खाट- पाटी लकड़ी को छीनकर पिता के छाती-पेट में मारा जिससे पिताजी के छाती-पेट में गहरी चोट आने से मौके पर ही उनका मौत हो गया। कापू पुलिस द्वारा घटना के संबंध में अप.क्र. 14/2022 धारा 302 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मुन्ना किस्पोट्टा पिता शनिराम किस्पोट्टा उम्र 41 वर्ष सा. पखनाकोट गंजहापारा थाना - कापू से घटना में प्रयुक्त खाट का पाटी जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

वारंटों की तामिली के चलाये गये "विशेष अभियान" में 60 स्थायी वारंटों की तामिली, खरसिया पुलिस के हाथ आया 6 साल से फरार चल रहा स्थायी वारंटी

- कोतवाली पुलिस की टीम ने ओडिशा, जशपुर, बिलासपुर व जांजगीर से 9 स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन पर स्थायी वारंटियों की तामिली के लिये चलाये गये विशेष अभियान में आज शाम तक 60 स्थायी वारंट एवं 09 गिरफ्तारी वारंट की तामिली अलग-अलग थाना चौकियों में किया गया है। पिछले दो दिनों में चौकी खरसिया द्वारा 11, कोतवाली थाने से 09, थाना घरघोड़ा से 07, थाना खरसिया से 06, थाना पुसौर से 05, थाना पूंजीपथरा से 04, सारंगढ़ से 03 एवं थाना तमनार, धरमजयगढ़, भूपदेवपुर, से 2-2 व शेष थानों से 1-1 स्थायी वारंटों की तामिली की गई है।

अभियान के दूसरे दिन कोतवाली थाना की टीम थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में 09 स्थायी वारंटों की तामिली की गई है। लंबे समय से फरार वारंटियों की तामिली के लिए थाना प्रभारी मनीष नागर द्वारा अपने संपर्क सूत्रों से वारंटियों का पता लगाया गया जिसमें ओडिशा, फरसाबहार जशपुर, कोटा बिलासपुर तथा बाराद्वार जांजगीर में स्थायी वारंटियों के छिप कर रहने की जानकारी पर थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ भेजकर वारंटियों को थाना लाकर न्यायालय पेश किया गया है।

वहीं आज दिनांक 14.02.2022 को चौकी खरसिया की टीम द्वारा 07 स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया है। स्थायी वारंटों की तामिली के लिये चलाये जा रहे अभियान में #थाना व चौकी खरसिया द्वारा 17 वारंटों की तामिली की जा चुकी है। आज चौकी खरसिया पुलिस के हाथ 06 साल पुराना आबकारी एक्ट का स्थायी वारंटी शगुन लोहरा हाथ आया। काफी खोजबिन करने के बाद चौकी खरसिया की पुलिस वारंटी तक पहुंची, वारंटी कोयला बीनकर उसे बेचकर अपना जीवन यापन कर रहा था, वारंटी की दयनीय की स्थिति देखकर पुलिस भी असमंजस में दिखी। वारंटी को उसी हालत में न्यायालय पेश करना उचित न जानकर चौकी प्रभारी वारंटी को नये कपड़े उपलब्ध कराकर स्थायी वारंट के निपटारन के लिये जे.एम.एफ.सी. खरसिया के न्यायालय में वारंटी को पेश किया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए अब ऑनलाईन आवेदन अनिवार्य

- एनआईसी की वेबसाईट पर करना होगा आवेदन

रायपुर (आरएनएस)। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी स्थानांतरण अब एनआईसी द्वारा निर्मित वेबसाईट के माध्यम से होंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण चाहने वाले व्यक्तियों को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। इसके बाद यदि वे चाहें तो इस आवेदन को प्रिंट करके कागज पर भी प्रेषित कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन नहीं किए जाने की स्थिति में केवल कागज पर किए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा आज इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक स्थानांतरण की एण्ट्री संचालनालय लोकशिक्षण द्वारा एनआईसी की वेबसाईट पर की जाएगी तथा उससे निकाले गए प्रिंट को ही फाईल पर लगाकर प्रेषित किया जाएगा। बिना वेबसाईट में एण्ट्री किए कोई प्रशासनिक स्थानांतरण भी नहीं किया जाएगा। स्थानांतरण आदेश भी एनआईसी के वेबसाईट के माध्यम से ही जारी होंगे। संबंधित कर्मचारियों के कार्य मुक्ति और नए स्थान पर ज्वाईनिंग भी एनआईसी की वेबसाईट के माध्यम से ही की जाएगी।

बैंक मैनेजर से 35 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

भिलाई (आरएनएस)। स्टेट बैंक मैनेजर के साथ 35 लाख रूपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ठग गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को दिल्ली के अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है, वहीं गिरोह के मुख्य सरगना सहित तीन लोग फरार हो गए है जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामले में आरोपियों से डेढ़ लाख रुपए नगद तथा अलग अलग बैंकों के एटीएम कार्ड बरामद किया है वहीं तीन खातों में धोखाधड़ी के लगभग 35 लाख रुपए फ्रीज करवाया है।

मामले का खुलासा करते हुए पत्रकारवार्ता में पुलिस ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर से साथ हुई 35 लाख रूपए की धोखाधड़ी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को स्टेट बैंक दुर्ग के मैनेजर अनुरंजन को एक अज्ञात नंबर से फोन आया जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने खुद को कैलाश मध्यानी वेंकटेश मोटर्स का मालिक बताया तथा अर्जेंट 18 लाख रूपए ट्रांसफर करने की बात कही और कहा कि बैंक पहुंचकर चेक दे दूंगा। इसके बाद मैनेजर ने 18 लाख रूपए बताये गए अकाउंट नंबरों में आरटीजीएस तथा एनईएफटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये। और जब पुन: उस नम्बर पर फोन लगाया गया तो नम्बर बंद था। कई बार फोन लगाने के बाद भी जब नम्बर नहीं लगा तो मैनेजर को ठगे जाने संदेह हुआ और मैनेजर ने इसकी सूचना मोहन नगर थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के गिरोह के चार सदस्यों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है वहीं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि गिरोह द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के शोरूम एवं बैंकों के धोखाधड़ी की गई है तथा आरोपी गाजियाबाद मथुरा में धोखाधड़ी में मामले में भी गिरफ्तार हो चुके है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बदल रही राज्य का औद्योगिक स्वरूप

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार से औद्योगिक विकास की शिक्षा ले केंद्र सरकार : आनंद शुक्ला

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जहां एक और देश में मोदी सरकार की विफलताओं के कारण लाखों उद्योग धंधे बंद हो गए खुद केंद्र सरकार सरकारी उपक्रमों को बेच रही है ,वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की दूरदर्शी एवं कुशल प्रबंधन तथा फ्रेंडली उद्योग नीति के कारण 1715 नए उद्योग अस्तित्व में आए हैं। प्रदेश में 19500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश उद्यमियों द्वारा किया गया है। पिछले 3 सालों में जिसमें से 2 साल वैश्विक महामारी के थे उसमें भी औद्योगिक नीतियों के सरलीकरण और प्रोत्साहन के कारण छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित किया है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए खनिज संसाधन, कृषि संसाधन, वानिकी संसाधन औरमानव संसाधन का उपयोग बेहतर एवं प्रबंधित ढंग से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा उद्योग विभाग में एकल खिडकी प्रणाली से 56 ऑनलाइन सेवाएं दी जा रही है साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन के नियमों को सरल किया गया है। भूपेश सरकार की इन्हीं उद्योग हितैषी नीतियों के कारण पिछले 3 वर्षों में है 1715 नए उद्योग स्थापित तो हुए ही हैं साथ ही 149 अनुबंध भी किए जा चुके हैं। बायोएथेनॉल प्लांट लगाने के लिए भी 18 निवेशकों ने लगभग 3300 करोड़ के निवेश का एमओयू किया है। राज्य में आर्थिक गतिविधियों के साथ रोजगार बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पर्यटन के द्वारा भी लोगों को रोजगार और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में 21000 करोड़ रूपए से अधिक लागत के सड़कों के निर्माण की कार्य योजना तैयार है जिसमें विभिन्न स्तरों पर काम चल रहा है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए केलो परियोजना, खारंग परियोजना,मनियारी परियोजना, अरपा भैंसाझार परियोजना जैसी परियोजनाओं को इस वर्ष पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 110 विकास खंडों में फूड पार्क की स्थापना की जा रही है जिसके लिए भूमि भी चिन्हांकित की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ के खानपान को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को रोजगार देने के लिए 16 जिलों में गढ़ कलेवा स्थापित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार आस्था स्थलों के विकास की रणनीति अपना रही है इस रणनीति से नए स्थानों पर अधोसंरचना का विकास होता है और इस विकास में जो सामग्रियां लगती है उससे स्थानीय स्तर पर उद्योग, व्यापार और रोजगार पैदा होते हैं। अब तक लगे उद्योगों से लगभग 35000 लोगों को रोजगार मिल चुका है साथ ही 90000 और लोगों को रोजगार मिलने वाला है। परंपरागत कौशल को नवीन ज्ञान से संवारने के लिए लोगों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है एवं प्रत्येक जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केंद्र स्थापित किए जाने की योजना है। छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के तहत 5 वर्ष में 15 लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की नीतियों की चर्चा केवल प्रदेश में नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है और छत्तीसगढ़ मॉडल को कई राज्य अपनाने के लिए आतुर हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480